प्रथम सूचना रिपोर्ट

(अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता)

1. जिला – भ्र.नि.ब्यूरो (एस.यू.) जोधपुर थाना – प्र. आ. केन्द्र भ्र. नि. ब्यूरो, जयपुर
   प्र. ई. रि. स. – 37/2022 दिनांक – 08/02/2022
2. (अ) अधिनियम – भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 धाराये – 7, 7ए
   (ब) अधिनियम – ..... धाराये – .....
   (स) अधिनियम – ..... धाराये – .....
   (द) अन्य अधिनियम – धाराये – 120 बी आईपीसी
3. अ. रोजनामचा आम रपट संख्या – 146 समय – 6:00 Pm
   ब. अपराध के घटने का दिन – सोमवार, दिनांक – 07.02.2022 समय – 05.20 पी.एम.
   स. कार्यालय पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक 20.01.2022 समय – 06.15 पी.एम.
4. सूचना की किस्म – लिखित/मौखिक – लिखित।
5. घटना स्थल –
   (अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरी – बरूख दक्षिण 220 किलोमीटर लगभग
   (ब) पता :– होटल कार्प के पास भीनमाल जिला जालोर।
   बीट संख्या जरायमदेही संख्या
   (स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का हैं तो
   पुलिस थाना ..... जिला .....
6. परिवादी का नाम
   1. (अ) नाम – राजुसिंह (ब) पिता/पति का नाम – श्री किशोरसिंह
      (स) जन्म तिथि/वर्ष – 49 वर्ष (द) राष्ट्रीयता – भारतीय
      (य) व्यवसाय – ठेकेदारी (र) पता – 136, राजपूतों का वास, कुशलापुरा पोस्ट नरता तहसील भीनमाल जिला जालोर।
7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तो का ब्यौरा सम्पूर्ण विशिष्टियो सहित–
   1. श्री सुनील माथुर पुत्र श्री अमृतलाल माथुर जाति माथुर उम्र 65 साल निवासी 68,वैष्णव नगर, बी.आर. बिडला स्कूल के पास, जोधपुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता स्वास्थ्य विभाग जालोर।
   2. श्री कुन्दन मल सुथार पुत्र श्री लच्छीराम जी जाति सुथार उम्र 48 साल निवासी ग्राम उम्मेदपुर तहसील आहोर जिला जालोर हाल सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जालोर।
   3. प्रकाश कुमार पुत्र श्री रामलाल जी जाति माली उम्र 37 साल निवासी नागरिक बैक के सामनें, शास्त्रीनगर कॉलोनी, पुलिस थाना कोतवाली जिला जालोर हाल संविदाकर्मी कम्प्युटर ऑपरेटर स्वास्थ्य विभाग जालोर।
8. परिवादी/सूचनाकर्ता द्वारा इतला देने में विलम्ब का कारण :– कुछ नही
9. चुराई/लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टियां – शुन्य
10. चुराई हुई लिप्त सम्पतियां का कुल मुल्य :– **रिश्वत राशि 20,000/– रू.**
11. पंचनामा/यूडी केस संख्या (अगर कोई हो तो)..... कोई नहीं.....
12. विषय वस्तु प्रथम इतला रिपोर्ट.....

सेवामें,

श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसयू जोधपुर

विषयः– मेरी रिपोर्ट पर कानूनी कार्यवाही करवाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि मैं राजुसिंह पुत्र श्री किशोर सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी 136 राजपूतो का वास कुशलापुरा पोस्ट नरता तहसील भीनमाल जिला जालोर का रहने वाला हूं। मैं व्यवसाय से ठेकेदार हूं। मेरी कम्पनी का नाम मैसर्स चौहान कन्स्ट्रेक्शन भीनमाल है, जो सरकारी टेन्डर से बिल्डिंग निर्माण का कार्य करता हूं। वर्ष 2015 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला जालोर के वर्क ऑर्डर ईई/एमएच/जालोर/35/2014–15 के तहत मैनें ग्राम पाथेड़ी जिला जालोर में आवासीय क्वार्टर पीएचसी भवन क्षेत्र में बनाये थे, जिसका अंतिम बिल पेश करके कार्य की एनओसी प्राप्त कर ली गई थी। उक्त कार्य का टेन्डर करीब 85 लाख रूपये था जिसमें से करीब 65 लाख का कार्य करवाया गया था। उसके बाद वर्ष 2017 में कार्य पूर्ण करवाया जाकर लागत राशि के बिल पास करवाये गये। उक्त टेन्डर के कार्य राशि का 10 प्रतिशत सिक्यूरिटी डिपोजिट/एसडी करीब 6.50 लाख रूपये विभाग में जमा थे। नियमानुसार कार्य के पूर्ण होने के तीन वर्ष बाद एसडी राशि स्वतः ही कस्ट्रेक्शन कम्पनी के एकाउंट में जमा होनी होती हैं लेकिन पिछले कई महिनों से जालोर पीएचसी विभाग जालोर के सहायक अभियंता श्री सुनिल माथुर व एएओ ने एसडी रिलीज करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन की मांग की जो आज तक नहीं देने के कारण मेरी एसडी राशि रिलीज नहीं की गई। एक दो रोज पहले मैं जालोर स्थित पीएचसी विभाग गया तो सहायक अभियंता श्री सुनिल माथुर जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके है, कार्यालय के कमरे में काम करते हुए मिले तब उन्होनें कहा कि मैं आपकी एसडी राशि रिलीज कर दूगां बेक डेट में। आप लास्ट तीन प्रतिशत कमीशन लेकर आ जाओ। तब मैनें कहा कि आप तो सेवानिवृत्त हो चुके हो कैसे करोगें तो श्री सुनिल माथुर ने कहा कि वर्तमान में मेरे समय के पडिंग कार्य पर अधिकारियों के कहने से बेक डेट में काम निकाल रहा हूं। कार्यालय में उनके पास ही कार्यरत एएओ साहब ने भी अपने खर्चे पानी के 1 प्रतिशत कमीशन की मांग की है। श्रीमान मैं मेरे हक की एसडी राशि वैध तरीके से प्राप्त करना चाहता हूं, लेकिन श्री सुनिल माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियंता जो आज भी जालोर स्थित कार्यालय में काम कर रहा है मुझसे मेरी एसडी राशि रिलीज करने के बदले में कमीशन की मांग कर रहा है व साथ में कार्यरत एएओ सुथार साहब भी अपना अलग से कमीशन मांग रहे है, जो मैं देना नहीं चाहता हूं बल्कि इन दानों अधिकारीयों को रशिवत लेते हुए रंगे हाथ ट्रेप करवाना चाहता हूं। कानूनी कार्यवाही करवावे। मेरी उक्त दोनों अधिकारियों से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है एवं ना ही कोई व्यक्तिगत लेन–देन बकाया है। रिपोर्ट के साथ मेरे आधार कार्ड की फोटो प्रति एवं कार्य के आवश्यक दस्तावेज पेश कर रहा हूं।

दिनांकः– 20.01.2022

एसडी
राजुसिंह पुत्र श्री किशोर सिंह
जाति राजपूत निवासी 136 राजपूतो का वास कुशलापुरा
पोस्ट नरता तहसील भीनमाल जिला जालोर मोबाईल
नम्बर 7742195056

कार्यवाही पुलिस, दिनांक 20.01.2022 समय 6.15 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री राजुसिंह पुत्र श्री किशोर सिंह उक्त टाईपशुदा रिपोर्ट के साथ कार्यालय हाजा उपस्थित आया। उक्त मजमून से मामला भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 का पाया जानें से अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

एसडी

(दुर्गसिंह राजपुरोहित)
अति.पुलिस अधीक्षक
20/01/2022

एसडी
(प्रहलादसिंह चौहान)
पटवारी
27/01/2022

एसडी
(जुबेर खॉ)

कनिष्ठ सहायक

27/01/2022

कार्यवाही पुलिस

दिनांक 20.01.2022 समय 06.15 पी.एम.

इस समय परिवादी श्री राजुसिह पुत्र श्री किशोर सिह जाति राजपूत उम्र 49 वर्ष निवासी 136, राजपूतों का बास, कुशलापुरा पोस्ट नरता तहसील भीनमाल जिला जालोर ने कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल यूनिट जोधपुर में उपस्थित होकर एक टाईपशुदा लिखित रिपोर्ट मन् डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित अति. पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल युनिट, जोधपुर के समक्ष इस आशय की पेश की कि '' मैं राजुसिंह पुत्र श्री किशोर सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी 136 राजपूतो का वास कुशलापुरा पोस्ट नरता तहसील भीनमाल जिला जालोर का रहने वाला हूं। मैं व्यवसाय से ठेकेदार हूं। मेरी कम्पनी का नाम मैसर्स चौहान कन्स्ट्रेक्शन भीनमाल है, जो सरकारी टेन्डर से बिल्डिंग निर्माण का कार्य करता हूं। वर्ष 2015 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला जालोर के वर्क ऑर्डर ईई/एमएच/जालोर/35/2014–15 के तहत मैनें ग्राम पाथेड़ी जिला जालोर में आवासीय क्वार्टर पीएचसी भवन क्षेत्र में बनाये थे, जिसका अंतिम बिल पेश करके कार्य की एनओसी प्राप्त कर ली गई थी। उक्त कार्य का टेन्डर करीब 85 लाख रूपये था जिसमें से करीब 65 लाख का कार्य करवाया गया था। उसके बाद वर्ष 2017 में कार्य पूर्ण करवाया जाकर लागत राशि के बिल पास करवाये गये। उक्त टेन्डर के कार्य राशि का 10 प्रतिशत सिक्यूरिटी डिपोजिट/एसडी करीब 6. 50 लाख रूपये विभाग में जमा थे। नियमानुसार कार्य के पूर्ण होने के तीन वर्ष बाद एसडी राशि स्वतः ही कस्ट्रेक्शन कम्पनी के एकाउंट में जमा होनी होती हैं लेकिन पिछले कई महिनों से जालोर पीएचसी विभाग जालोर के सहायक अभियंता श्री सुनिल माथुर व एएओ ने एसडी रिलीज करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन की मांग की जो आज तक नहीं देने के कारण मेरी एसडी राशि रिलीज नहीं की गई। एक दो रोज पहले मैं जालोर स्थित पीएचसी विभाग गया तो सहायक अभियंता श्री सुनिल माथुर जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके है, कार्यालय के कमरे में काम करते हुए मिले तब उन्होनें कहा कि मैं आपकी एसडी राशि रिलीज कर दूगां बेक डेट में। आप लास्ट तीन प्रतिशत कमीशन लेकर आ जाओ। तब मैनें कहा कि आप तो सेवानिवृत्त हो चुके हो कैसे करोगें तो श्री सुनिल माथुर ने कहा कि वर्तमान में मेरे समय के पडिंग कार्य पर अधिकारियों के कहने से बेक डेट में काम निकाल रहा हूं। कार्यालय में उनके पास ही कार्यरत एएओ साहब ने भी अपने खर्चे पानी के 1 प्रतिशत कमीशन की मांग की है। श्रीमान मैं मेरे हक की एसडी राशि वैध तरीके से प्राप्त करना चाहता हूं, लेकिन श्री सुनिल माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियंता जो आज भी जालोर स्थित कार्यालय में काम कर रहा है मुझसे मेरी एसडी राशि रिलीज करने के बदले में कमीशन की मांग कर रहा है व साथ में कार्यरत एएओ सुथार साहब भी अपना अलग से कमीशन मांग रहे है, जो मैं देना नहीं चाहता हूं बल्कि इन दानों अधिकारीयों को रशिवत लेते हुए रंगे हाथ ट्रेप करवाना चाहता हूं। कानूनी कार्यवाही करवावे। मेरी उक्त दोनों अधिकारियों से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है एवं ना ही कोई व्यक्तिगत लेन–देन बकाया है। रिपोर्ट के साथ मेरे आधार कार्ड की फोटो प्रति एवं कार्य के आवश्यक दस्तावेज पेश कर रहा हूं।'' परिवादी की टाईपशुदा लिखित रिपोर्ट से मामला भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 का पाया जाने पर नियमानुसार गोपनीय सत्यापन करवाया जाना आवश्यक होने से कार्यालय का डिजिटल वाईस रिकार्डर मालखाने से मंगवाकर परिवादी श्री राजुसिंह को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर के संचालन की विधि से समझाईश की गई।

वक्त 07.05 पी.एम. पर कार्यालय के श्री प्रकाश कानि. नम्बर 265 को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में तलब कर श्री प्रकाश कानि. व परिवादी श्री राजुसिंह का आपसी परिचय करवाया गया। कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर श्री प्रकाश कानि. नम्बर 265 को सुपर्द कर परिवादी श्री राजुसिंह व आरोपी श्री सुनील माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता, एएओं सुथार के मध्य रिश्वति राशि मांग सत्यापन करवाकर लानें हेतु परिवादी श्री राजुसिंह व श्री प्रकाश कानि. नम्बर 265 को जिला जालोर के लिए कार्यालय से परिवादी के निजी वाहन से रवाना किया गया।

दिनांक 21.01.2022 वक्त 02.20 पी.एम. पर श्री प्रकाश कानि. नम्बर 265 व परिवादी श्री राजुसिंह कार्यालय हाजा उपस्थित आये व श्री प्रकाश कानि 265 ने कार्यालय का डिजीटल वाईस रिकार्डर मन् अति. पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द कर बताया कि मैं व परिवादी कार्यालय से दिनांक 20.01.2022 को गोपनीय कार्यवाही हेतु जालोर निकले थे। जिस पर समय 08.45 पी.एम. पर परिवादी श्री राजुसिंह के मोबाईल नम्बर 7742195056 से आरोपी श्री सुनील माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता के मोबाईल नम्बर 9414978654 पर परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर को चालू करके कॉल करवाया जाकर परिवादी व आरोपी के बीच हुई मांग सत्यापन वार्तालाप को रिकॉर्ड किया गया। जिसमें आरोपी श्री सुनील

माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता नें परिवादी को दिनांक 21.01.2022 को कार्यालय समय में आनें हेतु कहा व बैक डेट में हस्ताक्षर करनें की बात कही गई। इसके बाद मै व परिवादी जालोर पहुंचे। जालोर से परिवादी के घर पर पहुंच रात्रि विश्राम किया गया। आज सुबह परिवादी श्री राजुसिंह व मै आरोपी के कार्यालय के बाहर पहुंचकर समय 11.28 ए.एम. पर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर ऑन कर परिवादी को देकर आरोपी से मांग सत्यापन वार्ता करनें के लिए रवाना किया गया। मै गोपनीय रूप सें कार्यालय के आसपास अपनी उपस्थिति छिपातें हुए खडा रहा। कुछ समय पश्चात् परिवादी श्री राजुसिंह मेरे पास आया। मैनें उनसें डिजीटल वॉयस टेप रिकॉर्डर लेकर स्वीच ऑफ कर अपने पास सुरक्षित रखा। श्री राजुसिंह नें मन् कानि. को बताया कि स्वास्थ्य विभाग के उपर स्थित सिविल विंग कक्ष कार्यालय में आरोपी सुनील माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता, एएओं श्री सुथार साहब व श्री प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर के मध्य मांग सत्यापन वार्तालाप हुई है। जिस पर श्रीमान को हालात निवेदन कर कार्यालय परिवादी के साथ उपस्थित हुआ हू। जिस पर मन अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय का डिजीटल वाईस रिकार्डर को ऑन कर सुना गया तो परिवादी श्री राजुसिंह व आरोपी श्री सुनील माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता द्वारा परिवादी के एसडी राशि करीब 6.50 लाख रूपयें रिलीज करनें की एवज में एसडी राशि का 02 से 03 प्रतिशत कमीशन ईशारें सें 15000 रूपयें की रिश्वति राशि की मांग करना, एएओं श्री सुथार द्वारा पूर्व के कार्य के अलावा इस कार्य के लिए भी खर्चा पानी मेहनताना के रूप में रिश्वत राशि की मांग करना व ईशारें सें 5 अंगुली दिखाकर 5000 रूपयें का बताना एवं श्री प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर द्वारा भी परिवादी से उनके काम करनें की एवज में रिश्वत की एईएन से मिलीभगत करने की पुष्टि हुई है। कार्यालय का डिजीटल वाईस रिकार्डर मन् अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित अपने पास रखा। आईन्दा रिश्वति राशि मांग सत्यापन वार्ता की फर्द ट्रासक्रिप्ट तैयार की जावेगी।

वक्त 03.45 पी.एम. पर गोपनीय कार्यवाही हेतु दो स्वतन्त्र गवाह की आवश्यकता होनें के कारण सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के नाम तहरीर कमांक 175 दिनांक 21.01.2022 जारी कर गवाह तलबी हेतु श्री गणेश कानि. नम्बर 219 को तहरीर सहित जेडीए जोधपुर के लिए रवाना किया गया।

वक्त 04.15 पी.एम. पर श्री गणेश कानि. नम्बर 219 जेडीए जोधपुर से कार्यालय हाजा उपस्थित आया और एक तहरीर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत की । जेडीए जोधपुर द्वारा गवाह श्री जुबेर खान कनिष्ठ सहायक व श्री प्रहलादसिंह पटवारी जेडीए जोधपुर को गोपनीय कार्यवाही हेतु नामित कर पाबन्द किया गया है। जिनकों गोपनीय कार्यवाही हेतु बुलाये जानें पर कार्यालय हाजा उपस्थित आनें हेतु पाबन्द किया गया। तहरीर शामिल पत्रावली की गई।

वक्त 04.45 पी.एम. पर परिवादी को आरोपीगण द्वारा मांगी गई रिश्वति राशि कमीशन के रूप में 15000 रूपयें सहायक अभियन्ता श्री सुनील माथुर एव 5000 रूपयें एएओं सुथार एवं प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर हेतु व्यवस्था कर कार्यालय हाजा उपस्थित आवे। अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता रखनें की हिदायत देकर कार्यालय से रूखस्त किया गया।

दिनांक 24.01.2022 वक्त 11.00 ए.एम. पर परिवादी श्री राजुसिंह नें मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के वाटसअप पर काल कर बताया कि श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता का पता करनें पर मालूम हुआ कि सुनील माथुर दिनांक 27.01.2022 कों जालोर कार्यालय में उपस्थित आयेगे। जिस पर मै रिश्वत की राशि की व्यवस्था कर आपके कार्यालय में दिनांक 27.01.2022को कार्यालय में उपस्थित हो जाउगा। जिस पर परिवादी को कार्यवाही की गोपनीयता बरतनें की हिदायत दी गई।

दिनांक 27.01.2022 वक्त 09.30 ए.एम. पर परिवादी श्री राजुसिह पूर्व से पाबन्द शुदा रिश्वति राशि की व्यवस्था के साथ कार्यालय हाजा उपस्थित आया।

वक्त 09.35 ए.एम. पर पूर्व से पाबन्द शुदा दोनों स्वतन्त्र गवाह श्री जुबेर खान व प्रहलाद सिंह कार्यालय हाजा उपस्थित आये है। जिस पर मन् अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनो स्वतन्त्र गवाहान से बारी–बारी से परिचय पुछने पर अपना परिचय श्री जुबेर खान पुत्र श्री शेरखान जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी 21 ई–193, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जिला जोधपुर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर, मोबाईल नम्बर 9887552143 तथा श्री प्रहलाद सिह चौहान पुत्र श्री डूंगरसिंह चौहान जाति राजपूत उम्र 34 साल निवासी द्वितीय पहाडगंज कॉलोनी, लालसागर रोड जोधपुर हाल पटवारी, कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर, मोबाईल नम्बर 9782392209 होना बताया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री राजुसिंह व दोनो स्वतंत्र गवाहान का आपसी परिचय करवाया गया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री राजुसिंह द्वारा प्रस्तुत टाईपशुदा लिखित रिपोर्ट को पढकर दोनो गवाहान को सुनाई गई और दोनो स्वतंत्र गवाहान को पढवायी गई। परिवादी की टाईपशुदा लिखित रिपोर्ट को पढ–सुन दोनों गवाहान द्वारा ट्रेप कार्यवाही में गवाह रहने की सहमति प्रदान की गई एवं परिवादी की टाईपशुदा लिखित

रिपोर्ट के संलग्न दस्तावेजात की फोटो प्रतिया पर दोनों स्वतन्त्र गवाहान नें अपने अपने हस्ताक्षर किये। दिनांक 21.01.2022 कों परिवादी श्री राजुसिह एवं आरोपी श्री सुनील माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता, एएओं श्री सुथार एवं श्री प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर के मध्य रूबरू हुई रिश्वति राशि मांग सत्यापन वार्ता एवं परिवादी के कार्य से सम्बन्धित वार्ताओं के मुख्य मांग अंश को सुनाया गया। कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से अपने पास मे रखा। उक्त वार्ता की आईन्दा फर्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार की जावेगी।

वक्त 09.55 ए.एम. पर दोनों गवाहान के रू–ब–रू परिवादी राजुसिंह पुत्र श्री किशोर सिंह उम्र 49 वर्ष निवासी 136 राजपूतो का वास कुशलापुरा पोस्ट नरता तहसील भीनमाल जिला जालोर द्वारा रिश्वत मे दी जाने वाली राशि पेश करने हेतु कहा गया, जिस पर परिवादी श्री राजुसिंह ने भारतीय मुद्रा संदिग्ध अधिकारी दो होने से पृथक–पृथक दी जानें वाली राशि 15000 रूपयें सेवानिवृत्त सहायक अभियंता श्री सुनील माथुर पीएचसी विभाग जालोर को एवं 5000 रूपयें अन्य आरोपी एएओं साहब सुथार जी पीएचसी विभाग जालोर को दी जाने वाली कुल राशि 20,000 रूपये पेश किये। परिवादी श्री राजुसिंह द्वारा रिश्वति राशि 15000 रूपयें जो आरोपी श्री सुनिल माथुर सेवानिवृत सहायक अभियन्ता को दी जानी वाली एवं 5000 रूपयें एएओं श्री सुथार साहब को दी जानें वाली रिवशति राशि के नोट प्रसतुत किये गये। जिस पर श्रीमति मधुमति हैड कानि. नम्बर 89 से कार्यालय हाजा के मालखाना से फिनोफथलीन पाउडर की शीशी मंगवाई गई। तत्पश्चात् श्रीमति मधुमति हैड कानि. नम्बर 89 ने मालखाना से फिनोफथलीन पाउडर की शीशी लेकर आई तथा उक्त 15000/– रूपये एवं 5000 रूपये के नोटो पर श्रीमति मधुमति हैड कानि. नम्बर 89 से अखबार के उपर रखकर नोटो पर हल्का–हल्का फिनोफथलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री राजुसिंह की जामा तलाशी गवाह श्री जुबेर खान से लिवाई जाकर मोबाईल फोन नम्बर 7742195056 परिवादी के पास रहने दिया गया। इसके अलावा कोई आपतिजनक दस्तावेजात व अन्य राशि नहीं रहने दी गई। उक्त फिनोफथलीन पाउडर युक्त 15000 रूपये जो श्री सुनील माथुर सेवानिवृत सहायक अभियंता को दी जानी है, की राशि के नोटों को परिवादी राजुसिंह के पहनी हुये पेन्ट की दाहिनी जेब में एवं अन्य आरोपी एएओ को दी जाने वाली राशि 5000 रूपये के नोटों को परिवादी श्री राजूसिंह के पहने हुए पेन्ट की बाई जेब में श्रीमति मधुमति हैड कानि. 89 से रखवाये जाकर गवाहान के समक्ष परिवादी श्री राजूसिंह को हिदायत दी गई कि इस रिश्वती राशि को रास्ते में नहीं छुऐ एवं आरोपीगण द्वारा मांगने पर ही उक्त रिश्वती राशि पृथक–पृथक निकाल कर देवे तथा आरोपीगण से हाथ नहीं मिलावे। ट्रेप पार्टी को देखकर अपने सिर पर आगे से पीछे अपना हाथ दो बार फेर या मन् डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्र.नि.ब्यूरो स्पेशल यूनिट जोधपुर के मोबाईल नं. 9460453110 पर रिश्वती राशि आदान–प्रदान होने की सूचना करें। तत्पश्चात् एक साफ कांच के गिलास में साफ पानी भरकर मंगवाया गया। जिसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार कर गवाहान तथा परिवादी को दिखाया गया तो सभी हाजरीन ने रंगहीन घोल होना स्वीकार किया। इस रंगहीन घोल में श्रीमति मधुमति के हाथों की अंगुलियों को डुबोकर धुलवाई गई तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया जिसे सभी हाजरीन ने घोल का रंग गुलाबी होना स्वीकार किया। सभी हाजरीन को समझाईश की गई कि आरोपीगण द्वारा रिश्वती राशि के नोटों को हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट के घोल में हाथ धुलाने पर घोल का रंग गुलाबी हो जायेगा। फिनोफथलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट के मिश्रण की किया–प्रतिकिया व उपयोगिता के बारे में भली भांति समझाया गया। फिर पाउडर लगाने वाली श्रीमति मधुमति से गिलास के गुलाबी घोल को बाहर फिकवाया जाकर गिलास को साफ पानी व साबुन से धुलवाया जाकर जिस अखबार पर रख कर नोटों एवं दोनों सफेद लिफाफो पर फिनोफथलीन पाउडर लगाया गया था, उस अखबार को भी जलाकर नष्ट करवाया गया। फिनोफथलीन पाउडर की शीशी को पाउडर लगाने वाली श्रीमति मधुमति से कार्यालय हाजा के मालखाना में रखवायी गई। गवाहान को हिदायत दी गई कि जहां तक संभव हो परिवादी व आरोपीगण के बीच में होने वाली रिश्वती राशि लेन देन व वार्तालाप को देखने व सुनने का प्रयास करे। उक्त कार्यवाही की पृथक सें फर्द हाजा मुर्तिब की जाकर सम्बन्धित गण के हस्ताक्षर करवाकर शामिल रनिंग नोट की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान ही आरोपी श्री सुनील माथुर की जानकारी हेतु परिवादी के मोबाईल नम्बर 7742195056 से आरोपी श्री सुनील माथुर के मोबाईल नम्बर 9414978654 पर कॉल करवाकर परिवादी व आरोपी के मध्य वार्ता करवाई गई। उक्त वार्ता को कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन कर प्रकाश कानि. से रिकॉर्ड करवाई गई। वार्ता में आरोपी श्री सुनील माथुर द्वारा परिवादी को रिश्वति कमीशन के रूप में ही देनें एवं परिवादी द्वारा 12000 रूपयें का कहनें पर आरोपी द्वारा बारगैनिंग का मना करनें एवं दो प्रतिशत से कम नही देनें एवं स्वयं कों कोरोना हो जानें से कार्यालय में उपस्थित नही होनें की मजबूरी सें अपने हिस्से की रिश्वति राशि प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर को देने हेतु कहा गया। उक्त वार्ता की आईन्दा फर्द ट्रांसक्रिप्ट मूर्तिब की जावेगी। कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर बन्द कर सुरक्षा की दृष्टि सें अपनें पास सुरक्षित रखा। अब तक की कार्यवाही के हालात श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर को निवेदन किये जाकर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही किये जानें का निर्णय लिया गया।

वक्त 11.00 ए.एम. पर परिवादी श्री राजुसिंह को छोड़कर समस्त ब्यूरो टीम व दोनो स्वतन्त्र गवाहान के साबुन से साफ हाथ धुलवाये गये व ब्यूरो स्टाफ की आपसी जामा तलाशी लिरवाई जाकर अपने–अपने विभागीय परिचय पत्र एवं अपने–अपने मोबाईल फोन पास में रहने दिये गये। कोई भी आपत्तिजनक वस्तु, राशि एवं दस्तावेजात किसी के पास नहीं रहने दिये गये मन् अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा खर्चे के 5,000/– रूपये अपने पास रखे।

वक्त 11.08 ए.एम. पर मन् डा0 दुर्गसिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री मेघराज हैड कानि. नम्बर 63, श्री भंवरलाल कानि., श्री राजेन्द्रसिंह कानि., श्री प्रकाश कानि., श्री देवाराम कानि 373, श्री गणेश कानि. नम्बर 219, श्री रामचन्द्रसिंह कानि. नम्बर 432 मय दोनों स्वतन्त्र गवाहान एवं परिवादी श्री राजुसिह तथा ब्यूरो के सरकारी वाहन आरजे 14 यूसी 8795 मय चालक खम्माराम, निजी कार.के ब्यूरों का ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप प्रिन्टर, कार्यालय का डिजीटल वॉयस टेप रिकॉर्डर, परिवादी के कार्य से सम्बन्धित दस्तावेज पत्रावली सहित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों स्पेशल यूनिट से जिला जालोर के लिए रवाना हुए।

वक्त 05.40 पी.एम. पर कार्यालय से सुबह समय 11.08 ए.एम. से रवाना शुदा कार्यालय हाजा उपस्थित आये। हालात इस प्रकार से है कि कार्यालय से रवाना होकर जालोर भीनमाल बाईपास स्थित स्वास्थ्य विभाग जालोर के पास पहुचे। वाहनों को गोपनीय स्थान पर खडा करवाकर कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर श्री प्रकाश कानि. से ऑन करवाकर रिकॉर्डर परिवादी श्री राजुसिंह को सुपर्द करवाकर रिश्वति राशि के आदान प्रदान हेतु परिवादी को स्वास्थ्य विभाग जालोर हेतु रवाना कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान के परिवादी के गोपनीय ईशारें के इन्तजार में स्वास्थ्य विभाग जालोर के आसपास अपनी उपस्थिति छिपातें हुए मुकीम रहे। कुछ समय पश्चात् परिवादी श्री राजुसिंह बिना ईशारा किये मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास आया व कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर सुपर्द किया। जिसकों श्री प्रकाश कानि. से बन्द करवाकर सुरक्षा की दृष्टि सें मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास सुरक्षित रखा। परिवादी श्री राजुसिंह नें मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मै आपके पास से रवाना होकर स्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुचा। जहां पर श्री प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर मिला। जिसकों मैनें कहा कि एईएन सुनील माथुर का फोन आया क्या। तब उसनें मना किया। जिस पर मैनें मेरे फोन सें एईएन श्री सुनील माथुर के फोन पर कॉल कर स्पीकर ऑन कर प्रकाश सें बात करवाई। जिस पर एईएन श्री सुनील माथुर नें अपने हिस्से की रिश्वति राशि 15000 रूपयें कम्प्युटर ऑपरेटर श्री प्रकाश को देनें के लिए कहा। तब प्रकाश नें उनके हिस्से की रिश्वति राशि लेने से मना कर दिया। एवं स्वयं के हिस्से की रिश्वति राशि हेतु काम पूरा होनें के बाद लेने हेतु कहा। तब मैनें एएओं सुथार साहब जो कार्यालय में उपस्थित नही थे, जिस पर उनकों मेरे मोबाईल सें कॉल कर स्पीकर ऑन कर बात की। तब एएओं श्री सुथार साहब नें कहा कि एक्सईएन साहब व एईएन साहब के साईन बाकी है। एवं मैनें जब उनसें पैसें की बात की तो टेलीफोन पर पैसें की बात को टालतें हुए काम करनें की बात कही। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर ऑन कर सुना गया तों परिवादी के बताये गये तथ्यों की पुष्टि हुई। जिस पर आज ट्रेप कार्यवाही होना संभव नही होनें पर परिवादी के पास रखी रिश्वति राशि 15000 रूपयें व 5000 रूपयें दो अलग अलग सफेद लिफाफें में गवाह श्री जुबेर खान सें परिवादी की अलग अलग जेब से निकलवाकर लिफाफों मे डलवाकर लिफाफों को सरकारी वाहन की टूलबाक्स में रखवाई गई। परिवादी को हिदायत दी गई कि आरोपी श्री सुनील माथुर से पुनः सम्पर्क होनें पर उनके बतायें दिन पर कार्यालय हाजा उपस्थित आवे। जिस पर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही की जा सके। परिवादी को अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता रखनें की हिदायत देकर हमराहीयान कार्यालय हाजा उपस्थित आये। रिश्वति राशि के लिफाफों को सरकारी वाहन की टूल बाक्स में से श्री मेघराज हैड कानि. नम्बर 63 से निकलवाकर सुरक्षित कार्यालय के मालखाना की अलमारी में सुरक्षित रखवाई गई।

वक्त 06.15 पी.एम. पर गोपनीय कार्यवाही में दोनों स्वतन्त्र गवाहान की आवश्यकता नही होनें के कारण जब भी अग्रिम ट्रेप कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। तब गवाहान को आवश्यकता होनें पर कार्यालय में तुरन्त उपस्थित होनें एवं अब तक की कार्यवाही की गोपनीयता रखनें की हिदायत देकर कार्यालय से रूखस्त किया गया।

दिनांक 07.02.2022 वक्त 10.20 ए.एम. पर परिवादी श्री राजुसिह नें अपनें मोबाईल नम्बर 7742195056 से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मोबाईल नम्बर 9460453110 पर वाटसअप कॉल कर बताया कि आज आरोपी श्री सुनील माथुर सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता आज अपनें कार्यालय जालोर में उपस्थित आयेगे। मुझे रिश्वति राशि सहित आज बुलाया है। जिस पर परिवादी को जालोर में उपस्थित होनें की हिदायत दी गई। अग्रिम ट्रेप कार्यवाही करनें का निर्णय लेकर उच्चाधिकारियों को हालात अर्ज किये गये। कार्यवाही में श्री मेघसिह वरिष्ठ सहायक की आवश्यकता होनें के कारण कार्यालय श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर के कार्यालय का साथ कार्य कर रहे को तलब किया गया, जो कार्यालय हाजा उपस्थित

आया। गोपनीय कार्यवाही में पूर्व से पाबन्द शुदा दोनों स्वतन्त्र गवाहान को तलब किया गया था, जो उपस्थित आये है।

वक्त 11.15 ए.एम. पर मन् डा0 दुर्गसिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मेघराज हैड कानि. नम्बर 63, श्री मेघसिंह वरिष्ठ लिपिक, श्री भंवरलाल कानि., श्री गणेशराम कानि 219,.श्री प्रकाश कानि. नम्बर 265, श्री रामचन्द्रसिंह कानि. नम्बर 432, मय दोनों स्वतन्त्र गवाहान एवं ब्यूरो के सरकारी वाहन आरजे 14 यूसी 8795 मय चालक खम्माराम एवं मय ब्यूरों का ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप प्रिन्टर, कार्यालय का डिजीटल वॉयस टेप रिकॉर्डर, रिश्वति राशि 15000 रूपयें एवं 5000 रूपयें के दो सफेद लिफाफे श्री मेघराज हैड कानि. नम्बर 63 से कार्यालय के मालखानें की अलमारी से रूबरू गवाहान निकलवाकर उक्त राशियों के लिफाफे कों कार्यालय के सरकारी वाहन के टूल बाक्स में रखवाई जाकर, साफ पीने के पानी की बोतलें, नहानें का साबुन, परिवादी के कार्य से सम्बन्धित दस्तावेज पत्रावली सहित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों स्पेशल यूनिट से जालोर के लिए रवाना हुए।

वक्त 06.00 पी.एम. पर हालात इस प्रकार है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों स्पेशल यूनिट से रवाना होकर वक्त 01.45 पी.एम. पर स्वास्थ्य विभाग जालोर के कार्यालय के पास रूककर परिवादी श्री राजुसिह के इन्तजार में मुकीम हुए।

वक्त 02.00 पी.एम. पर परिवादी श्री राजुसिंह पूर्व से पाबन्द शुदा उपस्थित आया। जिस पर परिवादी श्री राजुसिह की जामा तलाशी गवाह श्री जुबेर खान से लिरवाई जाकर परिवादी के पास उसका मोबाईल फोन व निजी वाहन बोलेरो कैम्पर की चाबी उसके पास रहनें दी गई, उक्त के अतिरिक्त कोई भी आपत्तिजनक दस्तावेज व राशि एवं वस्तु नही रहनें दी गई, तत्पश्चात् रिश्वत राशि 15000 रूपयें व 5000 रूपयें के दो सफेद लिफाफे कार्यालय के सरकारी वाहन की दराज में से गवाह श्री प्रहलादसिंह पटवारी से निकलवाकर सरकारी वाहन चालक से दराज कों लॉक करवाया गया, कार्यालय में पूर्व से तैयार फर्द पेशकसी गवाह श्री जुबेर खान को सुपर्द कर मिलान करवाई गई तों फर्द पेशकसी के हुबहु रिश्वत राशि 15000 रूपयें व 5000 रूपयें होना पाई गई। जिस पर श्री जुबेर खान स्वतन्त्र गवाह से रिश्वत राशि 15000 रूपयें परिवादी के पहनी हुई पेन्ट की बांयी जेब व 5000 रूपयें परिवादी के पहनी हुई पेन्ट की दाहिनी जेब में रखवाई गई। परिवादी को हिदायत दी गई कि जब आरोपीगण द्वारा रिश्वति राशि चाहनें पर ही उसे जेब से निकालकर अपनें अपने हिस्से की देवे। उससे पहलें रिश्वति राशि कों नही छुए। जिन दोनों सफेद लिफाफे में रिश्वति राशि रखी गई थी उन दोनों सफेद लिफाफों कों गवाह श्री प्रहलादसिंह चौहान से जलवा कर नष्ट करवाया जाकर कार्यालय के सरकारी वाहन से नहानें का साबुन व पीनें के पानी की बोतलें निकलवाकर परिवादी को छोडकर दोनों स्वतन्त्र गवाहान व ब्यूरों जाब्ता के हाथ साबुन व पीनें के पानी से साफ धुलवाये गये। व साबुन कों साफ पानी से धोकर पुनः सरकारी वाहन में रखा जाकर सरकारी वाहन को गोपनीय स्थान पर खडा करवाया जाकर परिवादी को आरोपीगण से रिश्वति राशि आदान प्रदान का निर्णय लेकर श्री प्रकाश कानि. को हिदायत दी गई कि आप परिवादी के साथ उसके निजी वाहन सें स्वास्थ्य विभाग जालोर के कार्यालय के गेट के पास गोपनीय रूप से गाडी से उतर कर परिवादी की निगरानी हेतु मुकीम रहे। तत्पश्चात परिवादी कों कार्यालय का डिजीटल वॉयस टेप रिकॉर्डर कों श्री प्रकाश कानि. से ऑन करवाकर सुपर्द कर परिवादी के निजी वाहन बोलेरो कैम्पर सें प्रकाश कानि. व परिवादी को स्वास्थ्य विभाग जालोर के लिए रवाना कर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहीयान के स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के आसपास गोपनीय रूप से परिवादी के गोपनीय ईशारें के इन्तजार में मुकीम रहे। कुछ समय पश्चात् परिवादी श्री राजुसिंह बिना ईशारा किये स्वास्थ्य विभाग जालोर के कार्यालय सें बाहर आया। जिस पर श्री प्रकाश कानि. से कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर परिवादी श्री राजुसिंह से प्राप्त कर बन्द करवाया गया। परिवादी नें मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बताया कि मै आपके पास से रवाना होकर स्वास्थ्य विभाग जालोर मे श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता के कार्यालय में गया तों वहां पर श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता नही मिले व कार्यालय में श्री कुन्दन सुथार एकाउन्टेट व श्री प्रकाश कम्प्युटर ऑपरेटर मिले। जिन्होनें बताया कि श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता अभी कार्यालय में नही है। कहीं बाहर गये हुए है व श्री कुन्दन सुथार एकाउन्टेट नें अपनें हिस्से की रिश्वति राशि 5000 रूपयें बाद मे मेरे काम होनें के बाद लेनें हेतु कहनें पर मै बाहर आ गया हू। इतनें में परिवादी के मोबाईल नम्बर 7742195056 पर आरोपी श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता के मोबाईल नम्बर 9414978654 से कॉल आया। जिसकों परिवादी के मोबाईल फोन का स्पीकर ऑन करवाकर श्री प्रकाश कानि. सें उक्त कॉल कों कार्यालय के डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर में रिकार्डर कों ऑन करवाकर रिकॉर्ड करवाई गई। जिसमें श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता नें परिवादी को मोबाईल वार्ता में बताया कि मै अभी किसी काम सें भीनमाल में हूं। आप भीनमाल आ जाओ। जिस पर कार्यालय का डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर को मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा की दृष्टि सें अपनें पास सुरक्षित रखा। आईन्दा उक्त वार्ताओं की फर्द ट्रासंक्रिप्टे मूर्तिब करवाई जावेगी।

तत्पश्चात् वक्त 02.40 पी.एम. पर आरोपी श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता द्वारा परिवादी को भीनमाल बुलानें पर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही भीनमाल में करनें का निर्णय लेकर मय हमराहीयान सरकारी वाहन एवं परिवादी के निजी वाहन सहित जालोर से भीनमाल के लिए रवाना होकर वक्त 04.30 पी.एम. पर भीनमाल में मुख्य बाजार में पहुंचकर सरकारी वाहन एवं परिवादी के निजी वाहन को गोपनीय रूप सें खडा करवाकर वक्त 04.44 पी.एम. पर परिवादी के मोबाईल नम्बर 7742195056 से आरोपी श्री सुनील माथुर सहायक अभियन्ता के मोबाईल नम्बर 9414978654 पर कॉल करवाकर कॉल को परिवादी के मोबाईल का स्पीकर ऑन करवाकर कार्यालय का डिजीटल वॉयस श्री प्रकाश कानि. को सुपर्द कर रिकॉर्डर को ऑन करवाकर उक्त कॉल को रिकॉर्ड करवाया गया। जिसमें आरोपी श्री सुनील माथुर द्वारा परिवादी कों आईसीआईसीआई बैक व कार्प हौटल के पास पहलें मिलें थे, वहां पर बुलाना पाया गया। आईन्दा उक्त वार्ता की फर्द ट्रासंक्रिप्ट मूर्तिब करवाई जावेगी।

